# Dakshata

# स्तनपान चेकलिस्ट

| क्र.सं. | कार्य | अवलोकन |
|---|---|---|
| 1 | माँ को एक आरामदायक स्थिति में लेटने या बैठने के लिए कहते हैं और स्तनपान शुरू करवाने में माँ की मदद करते हैं | |
| 2 | निप्पल और स्तन को साफ करने के लिए कहते हैं | |
| 3 | रूटिंग रिफ्लेक्स का वर्णन और प्रदर्शन करते हैं | |
| 4 | सही पोज़िशन सुनिश्चित करते हैं और बताते है कि:<br>● शिशु के शरीर को अच्छी तरह से सहारा देना चाहिए<br>● सिर, गर्दन और धड़ एक ही स्तर (प्लेन) पर होने चाहिए<br>● शिशु का पूरा शरीर माँ की ओर मुँह किए हुए होना चाहिये<br>● शिशु के पेट का माता के पेट से स्पर्श होना चाहिए | |
| 5 | शिशु का माँ की छाती से अच्छी तरह जुड़ाव सुनिश्चित करते हैं और बताते हैं कि:<br>● शिशु का मुँह पूरी तरह से खुला हुआ हो<br>● नीचे वाला होंठ बाहर की ओर मुड़ा हुआ हो<br>● शिशु की ठोड़ी का माता के स्तन से स्पर्श होना चाहिए<br>● ऐरिओला का ज्यादा हिस्सा ऊपर की तरफ दिखाई देना चाहिए | |
| 6 | शिशु अच्छी तरह से निप्पल चूस रहा है को सुनिश्चित करते हैं और बताते हैं कि –शिशु धीरे–धीरे और गहरा निप्पल चूसता है और फिर बीच–बीच में विराम लेता है। | |
| 7 | स्तनपान करवाने के बाद शिशु को डकार दिलाने की सलाह देते हैं | |
| 8 | माँ को बताते हैं कि स्तनपान कितनी बार करवाना है (कम से कम 24 घण्टे में 8 बार रात को मिलाकर) और स्तनों को पूरी तरह से खाली करने के और बाद वाले दूध के महत्व को बताते है | |
| 9 | स्तनों में घाव, उनका कटना, फ़टना और खाली नहीं होने (एन्गोरजमेन्ट) का निरीक्षण करते हैं | |
| 10 | पहला दूध (कोलोस्ट्रम) पिलाने की उपयोगिता के बारे में परामर्श देते है और केवल और केवल स्तनपान करवाने पर बल देते हैं | |
| 11 | माता को सही भोजन, पर्याप्त आराम और चिंतामुक्त वातावरण में रहने की सलाह देते हैं | |